हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

महिलाओं को सुरक्षा और साइबर क्राइम से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



नवरात्रि के अवसर पर आयोजित गरबा कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि अनजान नंबरों से आने वाले कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और बैंक खाते से संबंधित ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय भी सतर्कता बरतने और अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।

पुलिस ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना झिझक पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता पहल का उद्देश्य महिलाओं को अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति सजग बनाना तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क करना है। गरबा जैसे सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से पुलिस ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। इस पहल से महिलाओं को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने का संदेश दिया गया।

पेज 03 के शेष...

शिक्षा विभाग में 19 ...

पत्र क्रमांक ईएसटीबी/33781/2026/20-3, दिनांक 24 सितंबर 2026 का संदर्भ दिया गया है। इसके अनुसार, अज्ञात व्यक्ति द्वारा विभागीय लेटरहेड और आईएफएस पदनाम का दुरुपयोग करते हुए स्थानांतरण आदेश क्रमांक ईएसटीबी-102/755/2026/20-3, दिनांक 6 अगस्त 2026 को फिर से जारी किया गया। इस आदेश में कुल 19 शासकीय सेवकों के स्थानांतरण का उल्लेख होने की बात सामने आई है। सरकारी विभाग के नाम और आधिकारिक प्रारूप का कथित दुरुपयोग किए जाने से प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि, आदेश के आधार पर वास्तविक रूप से कितने कर्मचारियों की कार्यमुक्ति या पदस्थापना हुई, इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से मांगी गई है। तीन दिन में देनी होगी जानकारी : संचालनालय ने संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। इस समयसीमा के भीतर प्राप्त होने वाली रिपोर्ट से मामले के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। विशेष रूप से आदेश के कार्यालय तक पहुंचने, उसके आधार पर प्रस्तुत आवेदनों और संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी महत्वपूर्ण होगी।

ग्रामीणों की सतर्कता से ....

मामले में सुपद हालदार निवासी पीवी-08, बलाई बैरागी पिता सुखचंद निवासी पीवी-116, स्वप्न मंडल पिता विष्णु पद मंडल निवासी पीवी-08 और मोंटू बढ़ई पिता मनि मोहन बढ़ाई निवासी पीवी-45 को पकड़ा गया। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी टाकेश्वर लाटिया, उप परिक्षेत्र अधिकारी हलालखोर डडसेना, विश्राम कोड़ो, वनपाल मुकेश उसेंडी तथा वनरक्षक नवल सिंह कोरेटी, खिलेश्वर यादव, अरुण साहू और भुवनेश्वर सुरुजिया का योगदान रहा।

नवरात्रि गरबा के आयोजनों ...

करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। पुलिस का प्रयास है कि महिलाएं तकनीक का उपयोग कर जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के उपलब्ध माध्यमों से परिचित रहें।

ओबीसी आरक्षण और जातिगत ...

भागीदारी से है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांकेर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम बेवर्ती स्थित विधायक कार्यालय में विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर में विधायक सावित्री मंडावी तथा अंतागढ़ में विधायक विक्रमदेव उसेंडी को ज्ञापन सौंपने की योजना है। इसके अलावा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद के समक्ष भी मांगें रखी जाएंगी। जिला अध्यक्ष मधेश्वर जैन ने समाज के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के अधिकारों और बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। समाज के अनुसार कांकेर जिला मुख्यालय से आंदोलन की शुरुआत के बाद कोंडागांव में प्रदर्शन किया गया है। इसके बाद बस्तर संभाग के अन्य जिलों में भी आंदोलन की रूपरेखा घोषित की जाएगी।

हाईस्कूल मैदान में युवक...

करने की धमकी दी। पीड़ित लिकेश्वर का आरोप है कि इसके बाद सुमीत मंडावी और अभिषेक निषाद ने एक राय होकर उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। घटना के बाद उसके सिर और पीठ में दर्द होने लगा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने सुमीत मंडावी और अभिषेक निषाद के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निर्माण के दौरान लगा ...

कार्यस्थल पर बिजली से संबंधित संभावित खतरों की पहचान, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने से ऐसे हादसों का जोखिम कम किया जा सकता है। मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद आवश्यक है।

दुर्गूकोंदल भाजपा मंडल ...

पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत एवं जनपद सदस्यों, सरपंचों, उपसरपंचों, वार्ड पंचों और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

पानीडोबीर सेक्टर में कांग्रेस की बैठक, 35 नए कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन



कोयलीबेड़ा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा के अंतर्गत पानीडोबीर सेक्टर में कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कांग्रेस की विचारधारा और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र के 35 नए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी नए सदस्यों का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया।

नए कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र की जनता के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। पार्टी में प्रवेश करने वालों में राधेश्याम नाग, राकेश ध्रुव, कमलू कुमेटी, सुक्कू वट्टी, धनीराम कुमेटी, मन्नूराम पटेल, सूजेश नवगो, पुष्कर पुजारी, मनोरस अचाला, संजय उसेंडी, नरसिंह जैन, प्रदीप कुमेटी, रामभरोस नुरेटी, राजू आचला, रमेश नवगो, रामेश हिड़ामी, दिनेश कड़ियाम, हीराकाराम आचला, रामचंद्र नेताम, रामसाय दर्रो, बृजलाल कोला, विश्राम अचला, करन कड़ियाम, बीरेंद्र कोला, जैन कुमार ध्रुव, दशरथ ध्रुव, जगमूराम सलाम, प्रेम बुई, मुकेश आचला, सुकलू साहू, लालाजी आचला, रैनु राम पटेल, अशोक नाग और निकेश आचला शामिल हैं। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल दर्रो, जिला उपाध्यक्ष रतिराम दुगा, पूर्व प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई, मंडल अध्यक्ष प्रेम उन्द्रे, कोयलीबेड़ा सेक्टर अध्यक्ष सरवन नेताम, बूथ अध्यक्ष विदेश उसेंडी और पानीडोबीर सेक्टर अध्यक्ष बैजनाथ कड़ियाम सहित अनिल अचला, आयतु नवगो, दयालाल कोरेटी, महेश वट्टी और संदीप अचाला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

माता-पिता की याद में काराया न्योता भोज

सरोना। नरहरपुर विकासखंड के शासकीय पूर्व माशा बिरनपुर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक यमुना प्रसाद रणबांकला ने अपने पूज्य माता-पिता की पुण्य स्मृति में 16 अक्टूबर को न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक साथ भोजन किया। बच्चों की खुशियों को माता-पिता की स्मृति से जोड़कर रणबाकला ने सेवा और संस्कार की प्रेरणादायी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में हाई स्कूल के प्राचार्य जेएस नेताम सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक तथा शाला प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

02 महिलाओं को सुरक्षा और साइबर क्राइम से बचाव ...



04 आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संजोना ...







नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

खबर संक्षेप

बांध में डूबने से बुजुर्ग की मौत

कांकेर। थाना चारामा अंतर्गत बरकछार निवासी 77 वर्षीय गणपत राम सिंहा पिता स्व. धरम सिंह का मौत पानी में डूबने के कारण हो गया। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की मौत नैनी नदी में बने बांध के पानी में डूबने से हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

दुर्गूकोंदल भाजपा मंडल की बैठक 21 को होगी

दुर्गूकोंदल। भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल की मासिक संगठनात्मक बैठक 21 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित होगी। बैठक मंडल प्रभारी गौतम उयके एवं मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो की अध्यक्षता में संपन्न होगी। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मंडल के सभी शेष पेज 02 पर


फर्जी ट्रांसफर पर मचा हड़कंप, सूची में कांकेर के शिक्षकों के नाम भी शामिल


शिक्षा विभाग में 19 शिक्षकों का फर्जी स्थानांतरण, अफसरों से जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग के नाम पर विभागीय लेटरहेड और पदनाम का कथित दुरुपयोग कर फर्जी स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने का खुलासा हुआ है। इस आदेश में प्रदेश के 19 शासकीय सेवकों के स्थानांतरण का उल्लेख किया गया है, जिनमें कांकेर जिले के भी दो महिला शिक्षकों के नाम भी शामिल बताए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर ने कांकेर एवं अन्य जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर तीन दिवस के भीतर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा 14 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र क्रमांक 162/2026/1215 में इस मामले का उल्लेख किया गया है। पत्र में स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय के शेष पेज 02 पर

- लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों से तीन दिन में मांगा जवाब





कांकेर जिले के शिक्षकों के नाम भी शामिल

जारी कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश में कांकेर जिले के शिक्षकों के नाम भी शामिल हैं। इनमें शासकीय उमावि संगम, विकासखंड पखांजुर में पदस्थ खिलेश्वरी सिवना सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) है, उनका स्थानांतरण जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद जिले के विकल्प पर दर्शाया गया था। इसी तरह शासकीय उमावि भर्रीटोला, विकासखंड चारामा में पदस्थ हैप्पी वर्मा, व्याख्याता एलबी रसायन, टी संवर्ग, का नाम भी आदेश में शामिल होने की जानकारी दी गई है। उनका स्थानांतरण जिला शिक्षा अधिकारी के विकल्प पर दर्शाया गया था।

संचालनालय को भेजी जाएगी रिपोर्ट

स्कूल शिक्षा विभाग के नाम से जारी कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय से पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है, उनकी रिपोर्ट तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में संचालनालय को भेजी जाएगी। मामले की जाँच जारी है, संबंधितों को नोटिस जारी किया जा चुका है।

तीन बिंदुओं पर मांगी गई विस्तृत जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को तीन प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पहला, कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक किस माध्यम से प्राप्त हुआ। दूसरा आदेश के आधार पर किन-किन कर्मचारियों ने कार्यमुक्ति अथवा कार्यभार ग्रहण करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। साथ ही यह भी बताने को कहा गया है कि कितने कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया गया या कितने कर्मचारियों को नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण कराया गया। तीसरा, फर्जी स्थानांतरण आदेश की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की गई।

नवरात्रि की झांकी देखने गया परिवार बागडोंगरी में 6 लाख के गहनों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



नवरात्र पर्व के दौरान परिवार के साथ धार्मिक आयोजन देखने जाना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। घर में ताला लगाकर कांकेर गए परिवार के सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और आलमारी व दीवान में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 6 लाख रुपए का कीमती सामान पार कर दिया।

- चारामा के बागडोंगरी में सूने मकान में चोरों का धावा, जेवरात सहित कीमती सामान ले उड़े अज्ञात चोर

परिवार जब देर रात वापस लौटा, तो घर के अंदर सामान गायब मिलने पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। घटना चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम बागडोंगरी की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बागडोंगरी निवासी 36 वर्षीय प्रदीप चन्द्र गंगबेर पिता शिवप्रसाद साहू, खेती-किसानी का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे वह अपने परिवार के साथ नवरात्र देखने कांकेर गए थे। रात करीब साढ़े 12 बजे जब वे परिवार सहित घर लौटे, तो आलमारी और दीवान में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले।

इसके बाद उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित के अनुसार चोर घर से सोने के दो गले के हार, एक मंगलसूत्र, सोने की एक संकल, एक जोड़ी झुमके, एक अंगूठी और चार सोने के लॉकेट ले गए। इसके अलावा चांदी का एक बड़ा करधन, एक छोटा करधनी, एक बड़ा पायल, चार छोटे पायल, दो चांदी के करधन, एक चांदी की कटोरी और एक चम्मच भी चोरी हुए हैं। चोरी गए सभी सामान की कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई गई है।

घटना के बाद पीड़ित ने चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 (ए) और 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस चोरी की वारदात से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

निर्माण के दौरान लगा बिजली करंट, मजदूर की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



- 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया घायल

भानुप्रतापपुर के दिल्ली रोड स्थित मुख्य मार्ग पर मकान निर्माण कार्य के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। निर्माण स्थलों पर जरा-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल मजदूर की पहचान बालोद जिले के डौण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जूरहाटोला निवासी मोहित कुमार धनेलिया के रूप में हुई है। वह भानुप्रतापपुर के दिल्ली रोड पर मुख्य मार्ग के किनारे चल रहे मकान निर्माण कार्य में मिस्त्री का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सहायता के लिए 112 पुलिस सहायता सेवा और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। घायल मजदूर को तत्काल भानुप्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान हुए इस हादसे ने एक बार फिर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मकान निर्माण के दौरान बिजली के तारों, खुले विद्युत कनेक्शन और उपकरणों के आसपास काम करते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। शेष पेज 02 पर

हाईस्कूल मैदान में युवक से मारपीट, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- तुड़गे गांव के दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने शुरू की जाँच

हाईस्कूल मैदान में टहलने गए एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मोबाइल पर दोस्त से हंसी-मजाक के दौरान हो रही गाली-गलौज को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो कथित तौर पर मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित युवक ने तुड़गे गांव के युवकों पर एक राय होकर हाथ-मुक्कों से हमला करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लिकेश्वर कुमार कौशिक थाना भानुप्रतापपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने चाचा योगेश मरकाम के घर मरारपारा चवेला गया हुआ था। वहां से वह टहलने के लिए तुड़गे स्थित हाईस्कूल मैदान पहुंचा था। रात करीब 8 बजे वह ग्राम चेमल निवासी अपने दोस्त बल्ली पटेल से मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहा था। बातचीत के दौरान दोनों आपस में मजाक-मजाक में गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान तुड़गे निवासी सुमीत मंडावी, अभिषेक निषाद और बसंत गावड़े भी हाईस्कूल मैदान में टहल रहे थे। आरोप है कि सुमीत मंडावी और अभिषेक निषाद पीड़ित के पास पहुंचे और उससे पूछा कि वह गाली-गलौज क्यों कर रहा है। इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारकर खत्म शेष पेज 02 पर

ग्रामीणों की सतर्कता से लकड़ी तस्करी का खुलासा, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोयलीबेड़ा



जंगल की संपदा पर अवैध रूप से हाथ साफ करने की कोशिश उस समय सामने आई, जब ग्रामीणों की सतर्कता से लकड़ी तस्करी का मामला उजागर हुआ। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध को पकड़कर वन विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान चार आरोपियों को लकड़ी सहित पकड़ा गया और बीजा व हल्दू प्रजाति के कुल 76 नग चिरान बरामद किए गए। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत 70 से 80 हजार रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी की गतिविधियों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र कोयलीबेड़ा के अंतर्गत ग्राम गुदुल के ग्रामीणों को क्षेत्र में लकड़ी तस्करी की गतिविधियों की जानकारी मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने सतर्कता बरती और एक संदिग्ध को पकड़कर वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही विभागीय टीम सक्रिय हुई और ग्राम गुदुल बीट के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी-1337 एवं पी-1340 में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने लकड़ी के कुल 76 नग चिरान बरामद किए। इनमें बीजा प्रजाति के 24 नग और हल्दू प्रजाति के 52 नग शामिल हैं। विभाग के अनुसार, जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत 70 से 80 हजार रुपए है। शेष पेज 02 पर

वन संपदा की सुरक्षा में ग्रामीणों की भूमिका अहम

ग्राम गुदुल में ग्रामीणों की तत्परता से हुई इस कार्रवाई ने वन संपदा की सुरक्षा में जनभागीदारी के महत्व को फिर रेखांकित किया है। स्थानीय लोगों की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से अवैध लकड़ी तस्करी के मामले का खुलासा हुआ। क्षेत्र में जंगलों की सुरक्षा और अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों तथा वन विभाग के बीच समन्वय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर बताए सुरक्षा के उपाय

नवरात्रि गरबा के आयोजनों में महिला टीम की पहल, सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर पहुंचकर पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद

नवरात्रि के उत्सवी माहौल में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कांकेर पुलिस ने विशेष पहल की है। गरबा की थाप और दुर्गा पंडालों में उमड़ रही भीड़ के बीच महिला रक्षा टीम रात के समय लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। टीम आयोजन स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर रही है और उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय बताने के साथ पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों से भी अवगत करा रही है। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और उन्हें बिना किसी भय के धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। महिला रक्षा टीम ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान विभिन्न दुर्गा समितियों एवं गरबा आयोजन स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद किया। महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा असहज स्थिति का सामना करने पर चुप रहने के बजाय तत्काल पुलिस की सहायता लेनी चाहिए। साथ ही अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना समय पर पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान महिला रक्षा टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं के मोबाइल फोन में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया। टीम ने ऐप की उपयोगिता और इसके माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त शेष पेज 02 पर

पुलिस की सतत निगरानी से महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा

नवरात्रि एवं गरबा आयोजनों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने कांकेर पुलिस सतत निगरानी रख रही है। महिला रक्षा टीम द्वारा रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान दुर्गा पंडालों एवं गरबा स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस टीम उन्हें छेड़छाड़ एवं उत्पीड़न जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय बताने के साथ जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित कर रही है। पुलिस का उद्देश्य उत्सवों के दौरान सुरक्षित एवं निर्भीक वातावरण बनाए रखना है। जागरूकता, सतर्कता और पुलिस के सहयोग से धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निर्भीक बनाया जा सकता है।

ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना लोस-विस में उठाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण, जातिगत जनगणना और पांचवीं अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने आंदोलन तेज करने की तैयारी की है। समाज की ओर से आज 18 अक्टूबर रविवार को बस्तर संभाग सहित मोहला-मानपुर और सिहावा-नगरी क्षेत्र में विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज की मांग है कि आगामी शीतकालीन सत्र में इन मुद्दों को लोकसभा और विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाए।

समाज की प्रमुख मांगों में प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करना, राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम शामिल कर जातिगत जनगणना कराना तथा बस्तर संभाग एवं संबंधित क्षेत्रों में पांचवीं अनुसूची के विस्तार का मुद्दा शामिल है। समाज का कहना है कि इन मांगों का संबंध पिछड़ा वर्ग के अधिकारों, युवाओं के रोजगार और सामाजिक शेष पेज 02 पर

खबर संक्षेप

यौन शोषण के आरोप में युवक जेल दाखिल



कांकेर। शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार कर धमकी देने के आरोप में कांकेर पुलिस ने ईरादाह निवासी 24 वर्षीय पंकज यादव पिता संतुराम यादव को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर नए बस स्टैंड से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया।

अंतागढ़ में इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण आज से 23 तक

कांकेर। जिला प्रशासन एवं राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन घरेलू वायरिंग ट्रेड में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 18 से 23 अक्टूबर तक प्रवेश काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लाइवलीहुड कॉलेज परिसर अंतागढ़ में उपस्थित होकर आवेदन एवं दस्तावेज जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण तथा 18 से 45 वर्ष आयु के युवक-युवतियां पात्र होंगे। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय होगा।
प्रशिक्षणार्थियों को रहने और भोजन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के बाद अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र के साथ निजी क्षेत्र में रोजगार प्लेसमेंट तथा स्वरोजगार स्थापना के लिए शासकीय ऋण संबंधी मार्गदर्शन एवं सहायता भी प्रदान की जाएगी।

एसएसबी स्थापना दिवस पर छात्राओं को सायकिल व महिलाओं को बर्तन वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने के साथ ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की पहल करते हुए सशस्त्र सीमा बल ने अपने स्थापना दिवस को जनकल्याण से जोड़ा। जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें, महिला समूहों को बर्तनों के सेट और स्कूली विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री देकर शिक्षा, सामुदायिक सहयोग और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिताओं के जरिए जवानों के बीच उत्साह और आपसी सहभागिता भी देखने को मिली।

28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का नागरिक कल्याण कार्यक्रम

रस्साकशी और खो-खो के फाइनल मुकाबलों में दिखा उत्साह

कार्यक्रम के दौरान दो समवायों की टीमों के बीच रस्साकशी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। खेल गतिविधियों ने कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और आपसी तालमेल का माहौल बनाया।



युवाओं व महिलाओं को मिलेगा रोजगारमूलक प्रशिक्षण

नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर कौशल प्रशिक्षण आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत अंतागढ़ में प्लंबिंग, गोंडबिनापाल में ब्यूटीशियन, तुमापाल में इलेक्ट्रिशियन तथा खोड़गांव में सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, आने वाले समय में युवाओं और महिलाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देने की योजना ने ग्रामीण विकास की उम्मीदों को नई दिशा दी।

28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ ने अपने 28 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद छात्राओं को 14 साइकिलें वितरित की गईं। इसके अलावा पांच महिला समूहों को बड़े बर्तनों के सेट तथा सात विद्यालयों के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। साइकिल मिलने से छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलने और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

महिला समूहों को उपलब्ध कराए गए बर्तनों से सामुदायिक आयोजनों में सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री देकर पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अंतागढ़ एवं गोंडबिनापाल क्षेत्र के सात विद्यालयों के प्राचार्य, पांच महिला समितियों की अध्यक्ष, जिला कांकेर प्रेस संघ के अध्यक्ष नितेश देवांगम, मीडिया प्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

ठाकुर जोहरनी में गूंजा आदिवासी एकता और संस्कृति संरक्षण का संदेश

आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संजोना सबकी जिम्मेदारी : मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

ढोल-मांदल की थाप, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और सामाजिक एकजुटता के उत्साह के बीच ग्राम छापरपारा में आदिवासी समाज का ब्लॉक स्तरीय ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। गोंडवाना भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक गौरव की अनूठी झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री रामविचार नेताम और विधायक आशाराम नेताम शामिल होकर समाज को एकता, भाईचारे और संस्कृति संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने समाज के वरिष्ठजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

- कृषि व पशुधन विभाग ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की

कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा स्थित हाईस्कूल मैदान के गोंडवाना भवन में 17 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास, कृषि, मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि ठाकुर जोहरनी जैसे आयोजन आदिवासी समाज की एकजुटता, भाईचारे और समृद्ध परंपराओं को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

संस्कृति, बोली, त्योहार और रीति-रिवाज ही समाज की पहचान हैं। इन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, शिक्षा प्राप्त करने और खेल गतिविधियों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही शासन की जनजातीय विकास योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।



आदिवासी संस्कृति और एकता हमारी पहचान

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज हमारी अमूल्य धरोहर हैं। ठाकुर जोहरनी जैसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को अपनी पारंपरिक बोली, लोककला, वृत्य और रीति-रिवाजों को संरक्षित रखने के लिए आगे आना चाहिए। युवाओं को शिक्षा, खेल और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने सामाजिक भवनों के विकास और जनजातीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को भी महत्वपूर्ण बताया।

हितग्राहियों का सामग्री का हुआ वितरण

कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं पशुधन विभाग ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया। कृषि विभाग की ओर से हितग्राहियों को अलसी, राई और चना के बीज वितरित किए गए। वहीं पशुधन विभाग ने सुअर, बटेर और मुर्गी के चूजों का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को कृषि एवं पशुपालन के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी आजीविका के साधनों को मजबूत बनाना है। विभागीय योजनाओं से ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर सहित सुकलाल सोरी, शंकर शोरी, कपूरचंद कुंजाम, हेमलाल मरकाम, पवन नेताम, यशवंत नेताम, हरलाल नेताम, नंदलाल मंडावी और अजय ठाकुर सहित क्षेत्र के सरपंच, गायता एवं पटेल उपस्थित रहे। मंच संचालन नंदलाल मंडावी ने किया।

आदिवासियों के सप्तरंगी ध्वज की चोरी, थाने में की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

सरोना के लिंगों चौक पर लगे आदिवासी समाज के सप्तरंगी ध्वज की चोरी का मामला सामने आया है। घटना करीब चार दिन पहले की बताई जा रही है। ध्वज चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद आदिवासी समाज में नाराजगी है। मामले को लेकर सर्व आदिवासी युवा प्रभाग, सर्कल सरोना के प्रतिनिधियों ने पुलिस थाना सरोना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आदिवासी समाज के अनुसार सप्तरंगी ध्वज उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपरा, स्वाभिमान और सामाजिक अस्मिता का प्रतीक है। लिंगों चौक पर स्थापित इस ध्वज का समाज में विशेष महत्व है। ऐसे में ध्वज चोरी होने की घटना को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच कर ध्वज चोरी करने वालों का पता लगाने की मांग की है। सर्व आदिवासी युवा प्रभाग की ओर से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समाज के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि मामले का जल्द खुलासा होगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधियों ने ध्वज की बरामदगी और घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उचित कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस थाना सरोना में शिकायत सौंपने के दौरान युवा प्रभाग के क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम, चोरिया उपसरपंच गंगाराम भास्कर, दशरथ सलाम, आलोक नेताम, तनिषा मंडावी, वैष्णवी शोरी, प्रकाश कुंजाम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

गरबा नाइट के समापन में कलेक्टर हुए शामिल, श्रेया को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर के हाई स्कूल मैदान में नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित चार दिवसीय गरबा नाइट का 16 अक्टूबर को उत्साह, उमंग और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य समापन हुआ। 13 अक्टूबर से शुरू हुए इस आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों की गरबा और डांडिया प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन का विशेष आकर्षण नयापारा निवासी सोनू पांडे की पुत्री श्रेया पांडे रहीं, जिन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए उपहार स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई।

हाई स्कूल मैदान में आयोजित गरबा नाइट के दौरान चार दिनों तक संगीत, नृत्य और उत्साह का माहौल बना रहा। पारंपरिक गुजराती संस्कृति से सजे इस आयोजन में प्रतिभागियों ने गरबा की धुनों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों और सामूहिक गरबा नृत्य ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई।



प्रतिदिन संध्या के समय लोग पंडाल पहुंचे और माता की आराधना के साथ गरबा एवं डांडिया का आनंद लिया। गरबा उत्सव में नयापारा निवासी सोनू पांडे की पुत्री श्रेया पांडे ने अपने शानदार प्रदर्शन से विशेष पहचान बनाई। उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें उपहार स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई। श्रेया को मिले इस उपहार से उनके परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल रहा। गरबा नाइट में उन्हें मिली इस सौगात ने आयोजन को और भी खास बना दिया। गरबा नाइट के समापन समारोह में जिला कलेक्टर कुंदन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वे अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। उनकी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, वन मंडलाधिकारी नवीन कुमार, भानुप्रतापपुर के एसडीओपी एवं एसडीएम अनिकेत अशोक फड़तरे तथा तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने आयोजन में शामिल लोगों को शुभकामनाएं दीं और गरबा उत्सव के सफल आयोजन की सराहना की। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ आपसी मेलजोल, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। समापन समारोह के दौरान बेहतरीन प्रस्तुतियां देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। देर रात तक चले इस उत्सव में लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण माहौल के बीच गरबा नाइट का समापन हुआ। चार दिनों तक चले इस आयोजन ने भानुप्रतापपुर में नवरात्रि के उल्लास को यादगार बना दिया।

पूर्व विधायक मनोज की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष स्व मनोज सिंह मंडावी की चौथी पुण्यतिथि पर 16 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल द्वारा ग्राम दुर्गूकोंदल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेसजनों और ग्रामीणों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और जनसेवा के कार्यों को याद किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. मंडावी सरल स्वभाव, कुशल नेतृत्व और जनहित के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे।

उन्होंने विधायक, मंत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए क्षेत्र के विकास तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए। समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संबंध उनकी विशेष पहचान थी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी ने कहा कि स्व. मंडावी का जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में राजेंद्र नरेटी, नंदलाल कुलदीप, हेमंत, खामेश नरेटी, अविनाश, माखन, अभय, शैलेंद्र नरेटी, मनीष, चंदन, गुप्तेश नरेटी, शंकर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विधायक विक्रम के जन्मदिन पर 200 ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रमदेव उसेंडी का जन्मदिन शनिवार को पखांजुर और कापसी में उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर भाजपा ने सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें पार्टी के अनुसार विभिन्न मंडलों से 200 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। विधायक ने नवप्रवेशियों को भगवा गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। जन्मदिन समारोह के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। विधायक विक्रमदेव उसेंडी के जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत पखांजुर में केक काटकर की। इसके बाद पखांजुर और कापसी में मंदिर में दर्शन करने के बाद विधायक कापसी पहुंचे, जहां फुटबॉल मैदान में भाजपा मंडल की ओर से समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भजन गायन के साथ उत्सवी माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण और पार्टी पदाधिकारी विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, पूर्व अध्यक्ष मोनिका साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार सहित विभिन्न मंडलों के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जन्मदिन समारोह और सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के चलते पखांजुर एवं कापसी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला।

- केक काटने से लेकर भजन-कीर्तन तक दिखा उत्साह
- पखांजुर के कापसी में धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



कार्यक्रम में तीन मंडल के लोग रहे शामिल

विधायक के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के विभिन्न मंडलों में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अंतागढ़ मंडल से 145, आमाबेड़ा मंडल से 18 और कापसी मंडल से 65 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस तरह कुल 228 लोगों के पार्टी में शामिल होने की जानकारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने सभी नवप्रवेशियों को भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। जन्मदिन समारोह के साथ आयोजित इस सदस्यता कार्यक्रम को भाजपा ने संगठन विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया।

कार्यकर्ताओं और जनता का जताया आभार

इस अवसर पर विधायक विक्रमदेव उसेंडी ने जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर मिले स्नेह और शुभकामनाओं के लिए सभी का धन्यवाद किया।

प्रभावित किसानों को बीमा राशि और राहत दिलाने की पहल की जाएगी : आलोक ठाकुर

अल्पवर्षा व फसल रोगों का संयुक्त सर्वे कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने 17 अक्टूबर को दुर्गूकोंदल प्रवास के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में अल्पवर्षा और फसलों में बीमारी से प्रभावित किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में कृषि विभाग और बीमा कंपनी के संयुक्त सर्वे का प्रयास करने तथा पात्र किसानों को नियमानुसार फसल बीमा और मुआवजे का लाभ दिलाने की पहल करने की बात कही। आलोक ठाकुर ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए। प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सूखे जैसी स्थिति के प्रमाण मिलते हैं, तो नियमानुसार आवश्यक आकलन कराकर प्रभावित क्षेत्रों को सूखाग्रस्त घोषित करने और किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों से फसल नुकसान की जानकारी कृषि विभाग और बीमा कंपनी को देने तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवास के दौरान आलोक ठाकुर ने संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर आदिप शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, खेम तिवारी, गौरीशंकर साहू, हरी साहू सहित विदेसिंह कल्लो, शकुंतला नरेटी, अशोक जैन, लैम्प्स कोड़ापाखा के अध्यक्ष तुलसीराम मातलामी और सोमल जैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। लोहत्तर थानांतर्गत तोप्पापारा गुड़फेल निवासी 22 वर्षीय मिथलेश पुरामे पति दीपक को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका को 16 अक्टूबर को खेत की ओर साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।



